# International Women's Day Celebration 2018

## Media Coverage

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

# अमर उजाला

वाराणसी शुक्रवार, 9 मार्च 2018

ज्ञानपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र के महावीर मंदिर चकवा में तारा अक्षर की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें महिलाओं के विकास के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही विकास की सीढ़ी है।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शुक्रवार, 09 मार्च 2018, वाराणसी, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, भदोही

www.livehindustan.com





विश्व महिला दिवस पर चकवा महावीर मंदिर पर तारा अक्षर के कार्यक्रम में गुरुवार को मौजूद महिलाएं (बाएं) व कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित करती वक्ता।

### मुख्य विकास अधिकारी ने दिया महिला सशक्तीकरण पर बल, ज्ञानपुर तहसील में संगोष्ठी का आयोजन

# महिलाएं घर-घर जलाएं शिक्षा की मशाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

ज्ञानपुर | निज संवाददाता

महिलाओं के अधिकार बढ़ें, पुरुष-महिलाओं में समानता हो, महिलाओं की सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था हो, उनकी बेहतरी के सार्थक प्रयास हों। महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुरुवार को इसी तरह अपनी आवाज बुलंद की।

ज्ञानपुर के चकवा महावीर मंदिर के पास तारा अक्षर संस्था की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सीडीओ हरिशंकर सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। जरूरत है आधी आबादी की ताकत समझने की और उसे सकारात्मक दिशा में मोड़ने की। महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। यह तभी सम्भव होगा, जब घर-घर शिक्षा की मशाल जलेगी। इस दौरान नाटक, गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत कर कलाकारों और छात्राओं ने मन मोह लिया। इस अवसर पर बीएसए प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, अग्रणी जिला प्रबंधक अमिताभ सेन गुप्ता, एकमा के मानद सचिव पीयूष बरनवाल, कर्नल एमएस अहलूवालिया समेत तारा अक्षर के ट्रेनर व कार्यकर्ता उपस्थित थे।





विश्व महिला दिवस पर ज्ञानपुर तहसील में गुरुवार को संगोष्ठी में बोलते एएसपी डा. संजय कुमार (बाएं) व संगोष्ठी में मौजूद महिलाएं । • हिन्दुस्तान

वहीं, ज्ञानपुर तहसील में हुई संगोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार ने कहा कि आज महिलाएं किसी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं की ताकत व जज्बे ने उन्हें सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाया है। एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि इतिहास गवाह है कि महिलाएं हर बदलाव की साक्षी बनी हैं। उन्होंने महिला दिवस के इतिहास और नारी सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एएसडीएम अमृता सिंह ने कहा कि एक शिक्षित महिला दो परिवारों में ज्ञान की रोशनी बिखेरती है। क्षेत्राधिकारी रामकरन ने कहा कि राजनीति, समाजसेवा, नौकरी, सेना समेत करीब-करीब हर क्षेत्रों में महिलाओं ने कामयाबी की इबारत लिखी है। आज पुरुष प्रधान समाज को सोच बदलने की जरूरत है।

उधर, बाल कल्याण समिति ने भी महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें समिति की सदस्य अर्चना सिंह ने कहा कि महिलाओं का चतुर्दिक विकास उनके समाज के हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व का ज्वलंत उदाहरण है। समिति के अध्यक्ष डा. अनिल श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, राजकुमार पाल, प्रिया शुक्ला, शीला मौर्या, दीपक कुमार रावत आदि थे।

# International Women's Day Celebration 2018

Media Coverage


राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

वाराणसी। बृहस्पतिवार • 8 मार्च • 2018


## छात्राओं को दी महिला सुरक्षा की जानकारी

### सराहनीय कार्य करने पर छात्राओं समेत महिला अधिकारी हुई सम्मानित, आईजी ने बढ़ाया हौसला

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

भदोही। पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर विजय सिंह मीना द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को नगर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व महिलाओ की सुरक्षा जागरूकता के संबन्ध में उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न हेल्प लाइन वूमेन पावर लाइन 1090 यूपी 100 ट्वीटर सेवा, एंटी रोमियो स्क्वायड, बिकल्प पोर्टल यूपी पुलिस, महिला हेल्प डेस्क, परिवार परामर्श समिति आदि के संबन्ध में छात्र, छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबन्धित विधिक जानकारी दी गयी व कानूनी प्रावधान के पंपलेट वितरित किये गये एवं छात्राओ को पावर एंजिल शक्ति परी बनने हेतु प्रेरित किया गया व सदस्यता फार्म वितरित किये गये। सराहनीय कार्य करने वाली कक्षा 11 वीं की छात्रा प्रिया पांडेय, शिवा मिश्र, अंजली मौर्य, उप निरीक्षक सरोजमा सिंह, बिन्दा कुशवाहा आदि को अच्छे कार्य करने पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर रामकरन, जवाहरनवोदय विद्यद्यालय के प्रधानाचार्य केवीएस यादव, सभा संचालक मंजीत सिंह, अध्यापक विभाष भट्ट, संगीता, शकुंतला, मंजू सिंह, परिवार परामर्श समिति की डा. मंजू देवी, डा. मनीषा, अनील, शोभा, अजय कमार सिंह, संजय राय मौजूद रहे।




उप निरीक्षक सरोजमा सिंह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते आईजी व पत्रकारो से बातचीत करते संस्था के लोग। फोटो : एसएनबी

### महिलाओं का आगे बढ़ाना उद्देश्य : रंभा

ज्ञानपुर। स्थानीय नगर क्षेत्र के चकवा महावीर मंदिर के पास बने तारा अक्षर कार्यालय में बुधवार को दिल्ली से आये संस्था के पदाधिकारियो द्वारा 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार करते हुये पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि तारा अक्षर महिलाओं को साक्षर करना ही नही बल्कि उनके रोजगार व उनको आगे बढ़ाने का मूल उद्देश्य है। उक्त बाते संस्था के रम्भा ने पत्रकारो से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तारा अक्षर संस्था एक ऐसी संस्था है जो जमीनी स्तर पर महिलाओ को साक्षर बनाकर उनके समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का काम रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के जिलाधिकारी विशाख जी होगे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल, मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह, एलडीएम मौजूद रहेगे। संस्था के चीफ प्रोजेक्टर मैनेजर कर्नल ने बताया कि तारा अक्षर संस्था का महिलाओं को साक्षरण करने का कार्य 2007 में शुरू हुआ जिसमें तीन राज्यो में लगभग दो लाख महिलाओ को साक्षर किया गया। जिसमें यूपी, बिहार,


राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ वाराणसी ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर
■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून से प्रकाशित
वाराणसी
शुक्रवार • 9 मार्च • 2018
16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.00


## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : कानूनी प्रावधानों से कराया अवगत

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

औराई।

पुलिस अधीक्षकव अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय तहसील में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओ की सुरक्षा से संबन्धित कानूनी प्रावधानो के बारे में व उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न हेल्प लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी देने व जागरूक करने के लिए कार्यशाला संपन्न हुआ।

इस कार्यशाला में तहसीलदार शैलेन्द्र चौधेरी, डाक्टर प्रभा मिश्र सब रजिस्ट्रार, बीडीओ शांति देवी ने अपने- अपने विचार रखे। कार्यक्रम में तहसील औराई में नियुक्त महिला अधिकारी व कर्मचारीगण ने प्रतिभाग किया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा महिला सुरक्षा हेतु बनाये गये कानूनो व विविध अधिनियमो की जानकारी दी गयी तथा सुरक्षा संबन्धी टिप्स भी देते हुयेसेल्फ डिफेंस की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी तरह ज्ञानपुर तहसील में भी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओ को जागरूक किया गया और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया। इसी तरह ज्ञानपुर नगर क्षेत्र के चकवा महावीर मंदिर के समीप प्राथमिक विद्यालय चकवा महावीर प्रांगण में अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्ये अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद में शिक्षित महिलाओ के बीच में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नाटक प्रस्तुत करने वाली विद्यालय की छात्राओ का उत्साह वर्धन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिस घर में नारी की पूजा होती है वहां पर देवताओ का वास होता है। कहा कि एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा से ही महिला समाज में बढचढ कर भागीदारी कर सकती है। जिला अग्रणी प्रबंधक अभिताभसेन ने कहा कि जो महिलायें शिक्षित है और रोजगार से जुडना चाहती है तो बैंक उन्हे आगे बढाने का काम करेगी। कालीन व्यवसायी पियुष बरनवाल ने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता तब होगी जब तक उन्हें पूर्ण साक्षर न बना दिया जायेगा। उन्होने मां का उदाहरण प्रस्तुत कर यह कहा कि महिलायें ही समाज को अग्रणी बना सकती है।

डेवलपमेंट अन्टरनेटिव के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर कर्नल एमएस अहलुवालिया ने तारा अक्षर के उद्देय को बताया। कहा कि तारा अक्षर द्वारा जनपद में हजारो की संख्या में महिलाओ को साक्षर किया गया है। इस अवसर पर मधुश्री, रंभा त्रिपाठी,दिव्या मल्होत्रा, आकाश, राजेश कुावाहा सहित अनेक लोग रहे।

# International Women's Day Celebration 2018

Media Coverage




मुख़्तार अब्बास नकवी

सम्मानित होंगे लड़कियोंकी तरक्कीसे जुड़े 'मुतवल्ली'

# आज

शीला दीक्षित

महिला दिवसपर भाजपाने किया सम्मानित

वाराणसी, शुक्रवार ९ मार्च २०१८ सौर २५ फाल्गुन सं २०७४ वि।


## धूमधामसे मनायी गयी अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस

बीमारी उत्पन्न होती है। बीमारी के चलते जाने भी जा सकती है। इसलिए बीमारी को रोकने के लिए शौचालय में शौच करन अनिवार्य है। इस दौरान गांव की जो महिलायें शौचालय से वंचित हो गयी थी उन्हे शौचालय का तोहफा भी दिया गया। मिले तोहफे का जश्न महिलाओ ने एक दुसरे महिला का शौचालय निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर किया गया। इस अवसर पर समन्वयक सरोज पाण्डेय, भारत राव, आंगनवाडी, एएनएम सहित महिलाओ मौजूद रही।

### अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवसपर महिलाओं में प्रमाण पत्र वितरित

ज्ञानपुर। चकवा महावीर मंदिर के समीप प्राथमिक विद्यालय चकवा महावीर प्रांगण में अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद में शिक्षित महिलाओ के बीच में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नाटक प्रस्तुत करने वाली विद्यालय की छात्राओ का उत्साह वर्धन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिस घर में नारी की पूजा होती है वहां पर देवताओ का वास होता है। कहा कि एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा से ही महिला समाज में बढचढ कर भागीदारी कर सकती है। जिला अग्रणी प्रबंधक अभिताभसेन ने कहा कि जो महिलायें शिक्षित है और रोजगार से जुडना चाहती है तो बैंक उन्हे आगे बढाने का काम करेगी। कालीन व्यवसायी पियुष गोयल ने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता तब होगी जब तक उन्हे पूर्ण साक्षर न बना दिया जायेगा। उन्होने मां का उदाहरण प्रस्तुत कर यह कहा कि महिलायें ही समाज को अग्रणी बना सकती है। डेवलपमेंट अन्टरनेटिव के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर कर्नल एमएस अहलुवालिया ने तारा अक्षर के उद्देश्य को बताया। कहा कि तारा अक्षर द्वारा जनपद में हजारो की संख्या में महिलाओ को साक्षर किया गया है। इस अवसर पर मधुश्री, रंभा त्रिपाठी, राजेश कुशवाहा सहित अनेक लोग रहे।




नारी शक्ति में ही उन्नति का

# दैनिक जागरण

वाराणसी, गुरुवार 8 मार्च 2018

नगर संस्करण**

मूल्य ₹ 3.00

पृष्ठ 20

www.jagran.com

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

www.jagran.com

नारी सशक्तीकरण


## महिलाओं को सशक्त करना जरूरी



मीडिया से वार्ता करते कर्नल एमएस अहलूवालिया • जागरण

- प्राथमिक विद्यालय चकवा महावीर में मनेगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- ढाई लाख से अधिक महिलाओं को किया जा चुका है साक्षर

जागरण संवाददाता ज्ञानपुर (भदोही) : किसी भी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गई ग्रामीण स्तर तक की महिलाओं साक्षर कर सशक्त बनान तारा अक्षर कार्यक्रम का मुख्य मकसद है। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर कर्नल एमएस अहलूवालिया ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि तारा अक्षर कार्यक्रम के जरिए महिलाओं को साक्षर करने के साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर सशक्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने तारा अक्षर कंप्यूटर आधारित साक्षरता कार्यक्रम है। वर्ष 2007 से शुरू हुए कार्यक्रम के जरिए अब तक कुल ढाई लाख से अधिक महिलाओं को साक्षर किया जा चुका है। वर्ष 2013 से 2017 तक प्रदेश के भदोही सहित जौनपुर व मीरजापुर में कार्यक्रम संचालित कर एक लाख 15 हजार महिलाओं को साक्षर किया गया है। सार्थक संस्था की निदेशिका डा. मधुश्री पांडेय ने बताया कि संस्था की ओर से तारा अक्षर कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर हो रही महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए आठ मार्च (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस) प्राथमिक विद्यालय चकवा महावीर मंदिर पर मनाया जाएगा। इस दौरान उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देने के साथ योजनाओं से भी अवगत कराया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मात्र अक्षर ज्ञान कराकर महिलाओं को साक्षर करना ही नहीं अपितु उन्हें सहयोग कर स्वरोजगार से जोड़ना भी है ताकि वह आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।

बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाखजी होंगे। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह सहित अन्य लोग रहेंगे। इस मौके रंभा त्रिपाठी, दिव्या, प्रवीण, राजीव, राजेश कुशवाहा आदि थे।

वाराणसी, शुक्रवार
9 मार्च 2018
नगर संस्करण**
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

## महिलाएं सशक्त होंगी तभी मजबूत राष्ट्र का निर्माण

तारा अक्षर कार्यक्रम के तहत मनाया गया **विश्व महिला दिवस** बालिकाओं को करें शिक्षित, तभी वह हासिल कर सकेंगी अधिकार

**जासं, ज्ञानपुर** : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं के अधिकार व कर्तव्य पर मंथन किया गया। साथ ही महिलाओं को सशक्त करने पर जोर देते हुए कहा गया कि जब महिलाएं मजबूत होंगी तभी सही मायने में सशक्त राष्ट्र होगा। उपस्थित जनों ने आधी आबादी को हरसंभव सहयोग देकर सशक्त करने का संकल्प लिया।

डेवलपमेंट अल्टरनेटिव व सार्थक संस्था की ओर से प्राथमिक विद्यालय चकवा महावीर मंदिर पर तारा अक्षर कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान तारा अक्षर के तहत साक्षर की गई महिलाओं की भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह ने कहा कि आधी आबादी के रूप में शुमार महिलाएं जब सशक्त होंगी तभी परिवार, समाज व राष्ट्र सशक्त होगा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश नारायण श्रीवास्तव ने बालिकाओं को परिवार की धुरी करार देते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से शिक्षित कर आगे बढ़ाने को कहा। कहा कि शिक्षा से ही वह अपने अधिकारों को हासिल कर सकती हैं।

डेवलपमेंट अल्टरनेटिव के डेवलपमेंट अल्टरनेटिव के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर कर्नल एम.एस अहलूवालिया ने तारा अक्षर कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालाष कहा कि यह कंप्यूटर आधारित साक्षरता कार्यक्रम है। वर्ष 2007 से शुरू हुए कार्यक्रम के जरिए अब तक कुल ढाई लाख से अधिक महिलाओं को साक्षर किया जा चुका है। वर्ष 2013 से 2017 तक प्रदेश के भदोही सहित जौनपुर व मीरजापुर में कार्यक्रम संचालित कर एक लाख 15 हजार महिलाओं को साक्षर किया गया है। सार्थक संस्था की निदेशिका डा. मधुश्री पांडेय ने बताया कि संस्था की ओर से तारा अक्षर कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर हो रही महिलाओं के उत्साह वर्धन किया। इस मौके रंभा त्रिपाठी, दिव्या, प्रवीण, राजीव, राजेश कुशवाहा आदि थे।